**Publication:** People's Samachar
**Date:** 04/09/2014
**Edition:** Indore
**Page No:** 15
**Headline:** Shivansh and Aryan to represent the city

उपलब्धि

टीएएस आईटी क्विज में शहर की टीम्स ने किया सराहनीय प्रदर्शन

# शीवांश और आर्यान करेंगे प्रतिनिधित्व

यंग रिपोर्टर • इंदौर

editor@peoplessamachar.co.in

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में बुधवार को टीसीएस क्विज कॉम्पीटिशन हुआ। इस क्विज में शहर के विभिन्न स्कूलों के 600 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। भारत के सबसे बड़े अंतरविद्यालयीन आईटी क्विज समारोह (टीसीएस आईटी क्विज) का आयोजन दिग्गज आईटी सेवाप्रदाता, सलाहकार और बिजनेस सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली कंपनी टीसीएस द्वारा किया जाता है।

क्विज के फाइनल राउंड के बाद सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर, भोपाल के अदित्या नायर और आयुष सोंगरा ने खिताब जीता।

इस साल के क्षेत्रीय विजेता टीम के हर सदस्य को आईपैड एयर दिया गया, जबकि उपविजेता रहे सेंट अर्नाल्ड्स हायर सेकंडरी स्कूल विजय नगर इंदौर के शीवांश बेहोर और आर्यान दास आईपैड मिनी हासिल करने में कामयाब रहे। इसके साथ ही उन्हें मेडल और विशेष रूप से तैयार की गई ट्रॉफी भी दी गई। अंतिम 6 प्रतियोगियों को टीसीएस की ओर से इस शृंखला में स्पेस पैक, सिपर्स, इयरफोन, यूएसबी पेन ड्राइव, स्पीकर जैसे अन्य इनाम दिए गए। पुरस्कारों का वितरण प्रोफेसर ऋषिकेश, डायरेक्टर और प्रोफेसर, स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर ने टीसीएस आईओएन के उपाध्यक्ष एवं वैश्विक प्रमुख वेंगुस्वामी रामास्वामी ने किया। बुद्धिमत्तापूर्ण और रोचक सवालों के जरिए टीसीएस आईटी क्विज ने क्विजिंग की दुनिया में एक आयाम स्थापित किया है।

इसके साथ ही इस क्विज में सॉफ्टवेयर आधारित राउंड, गैमिफिकेशन और एनीमेशन जैसी तकनीकी अवधारणाओं का भी इस्तेमाल किया जाता है। इस साल की प्रतियोगिता में ऐसे तकनीकी रुझानों पर ज्यादा जोर दिया गया, जिसकी ओर पूरी दुनिया का ध्यान गया। इस साल की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को भविष्य में इन तकनीकों का फायदा मिलेगा। टीसीएस के आईटी क्विज में 8वीं से 12वीं तक के स्टूडेंट्स ने भी हिस्सा लिया। सोश्यल मीडिया आउटरिच प्रोग्राम के तहत क्विज में स्टूडेंट्स से रीयल टाइम में जुड़ने के लिए संवादात्मक शैली में ट्विटर कांटेस्ट आयोजित किया गया।